Amity University
Uttar Pradesh

Savita Mehta
Vice President, Communications

Amity University Campus
Block E-II, 2nd Floor
Sector – 125, Noida
Ph: 0120 - 4392620
Fax: 0120-4392622

प्रेस विज्ञप्ति
सितंबर 30,2016

विद्यालय शिक्षकों हेतु डिजिटल लर्निंग पर एमिटी टेस्ट प्रेप सेमिनार का आयोजन

एमिटी यूनीवर्सीटी ऑनलाइन द्वारा शिक्षकों को डिजिटल लर्निंग के महत्व को समझाने एंव एमिटी टेस्ट प्रेप की जानकारी देने हेतु एमिटी टेस्ट प्रेप सेमिनार का आयोजन एफ थ्री ब्लाक सेमिनार हॉल, एमिटी विश्वविद्यालय मे किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ प्रख्यात शिक्षाविद् डा स्टैलिन मल्होत्रा, यू टॉक के श्री स्टीव इटॉक एंव एमिटी शिक्षण समूह के वाइस प्रेसीडेंट श्री अभय चौहान ने किया।

इस अवसर पर सम्मेलन मे दिल्ली एनसीआर के विभिन्न 35 विद्यालयों जैसे डीपीएस नोएडा, मॉर्डन स्कून वैशाली, इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल, गाजियाबाद, डीएवी जसोला, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा, अहल्कॉन पब्लिक स्कूल, मयूर विहार सहित अन्य के लगभग 110 शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

प्रख्यात शिक्षाविद् डा स्टैलिन मल्होत्रा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा उदेदश्य डिजिटल शिक्षण के आवश्यक मानक एंव सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना है। डा मल्होत्रा ने कहा कि शिक्षा वही है जो दिखाये कि शिक्षा क्या कर सकती है। वक्त बदल रहा है, अध्यापन विषयक बदल रहा है, यहां तक छात्र एंव उनकी आवश्यकतायें बदल रही है इसलिए शिक्षकों मे बदलाव आवश्यक है। परिवर्तन अवश्यभावी है और आपको परिवर्तन को अपनाना चाहिए। एमिटी भी परिवर्तन का उपकरण बनने मे विश्वास रखता है और इसलिए आप लोगों लाभ हेतु डिजिटल लर्निंग पर सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षण एक लगातार मूल्यांकन प्रक्रिया है। उन्होने डिजिटल लर्निंग के बारे में कहा कि इस प्रक्रिया में सारा शिक्षण मैटेरियल ऑनलाइन उपलब्ध है

आपको न तो भारी किताबों का बोझ उठाना पड़ता है और समय की बचत भी होती है। डा मल्होत्रा ने कहा कि डिजिटल लर्निंग में शिक्षण सामग्री की उपलब्धता, अपनी सुविधा के अनुसार पढ़ने की व्यवस्था, शिक्षण सामग्री मे निरंतर अपडेशन, मूल्यांकन तकनीकी मे बदलाव जैसे नंबर आधारित परिक्षा को समग्र मूल्यांकन के स्थान पर प्रतिस्थापित करना। छात्र केन्द्रीत आधारित अनूकुल आंकलन, तत्काल नतीजे, संदेश समाशोधन सत्र आदि सुविधाये मिलती है। डिजिटल लर्निंग एक अनौपचारिक एंव तनाव मुक्त प्रक्रिया है। उन्होनें कहा कि आप यह न समझें कि डिजिटल लर्निंग प्रक्रिया आपको प्रतिस्थापित करने के लिए है बल्कि यह आपको अपडेट, सहायता प्रदान करने, सुविधा प्रदान करने एंव शिक्षण प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए है।

यू टॉक के श्री स्टीव इटॉक ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि विदेशी भाषा सीखना कैरियर के विकास हेतु सहायक होता है इसलिए यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम छात्रों को भाषा सीखने के प्रोत्साहित करें। उन्होने कहा कि यूटॉक लगभग 130 भाषाओं को बोलना सीखाता है जो कि सारे विश्व की 90 प्रतिशत भाषायें है। श्री इटॉक ने कहा कि आने वाला समय डिजिटल लर्निंग का है इसलिए भविष्य के छात्रों को शिक्षण प्रदान करने हमे भी अपडेट होना होगा।

एमिटी शिक्षण समूह के वाइस प्रेसीडेंट श्री अभय चौहान ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी अपने जीवन मे किसी न किसी शिक्षक से बहुत प्रभावित रहते है। किसी भी राष्ट्र के विकास मे शिक्षकों की भूमिका बहुत अहम होती है, आप देश के भविष्य का निर्माण करते है। जीवन मे प्रेरण का बहुत महत्व होता है। आज गांवो, नगरों एंव छोटे शहरों से छात्र बड़े शहरों मे शिक्षण संस्थानों एंव विश्वविद्यालयों मे शिक्षा ग्रहण करने आते है, इस कार्य में एमिटी टेस्ट प्रेप इन्ही छात्रों की सहायता करेगा क्योकी एमिटी का मानना है कि हर छात्र को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उसके घर के नजदीक उपलब्ध होनी चाहिए। श्री चौहान ने कहा कि शिक्षकों के अतुलनीय योगदान के लिए एमिटी द्वारा " एनुअल टीचर अर्वाड " से सम्मानित किया जायेगा।

इस अवसर पर एमिटी ऑनलाइन एजुकेशन के श्री निशिथ वर्मा एंव श्री लक्ष्य काबरा ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर कार्यक्रम मे हिस्सा लेने आई दो शिक्षकों को लक्की ड्रा में नाम निकालकर टैब दिया गया।

अधिक जानकारी के लिए संर्पक करें - अनिल दुबे - 9818671697